हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

बिलासपुर, बुधवार, 17 दिसम्बर 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]



4 संभाग स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में लुचकी घाट की टीम ने मारी बाजी





## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकलो प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएना प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चोक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

इच्छुक छात्र- छात्राएं आवेदन करे
फायर सेफ्टी के कोर्स
1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी. फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. (ADIS) एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
6. (PDIS) पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
7. सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी

Advt.


## खबर संक्षेप

### नगर में विशाल हिन्दू सम्मेलन आज

**राजपुर।** हिन्दू जागरण की दिशा को नई ऊर्जा नगर में भव्य हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार यह सम्मेलन समाज को एकजुट करने तथा सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। विशाल हिन्दू सम्मेलन 17 दिसम्बर को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 1 बजे से होगा। आयोजन स्थल प्रकाश पेट्रोल पंप के सामने मेला ग्राउंड, राजपुर निर्धारित किया गया है। समाज के लोगों से बड़ी संख्या में शामिल होने का आह्वान किया गया था।

### संचार एवं संकर्म समिति की बैठक आज

**बलरामपुर।** संचार व संकर्म समिति की बैठक सभापति मुंशी राम की अध्यक्षता में 17 दिसंबर को दोपहर 2.30 बजे से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में निर्माण कार्यों की समीक्षा व सभापति के अनुमति से अन्य विषय पर चर्चा की जाएगी।

### राकेश गुप्ता को मिली सरगुजा की कमान

**अम्बिकापुर।** आज भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष





अशोक साहू द्वारा ओबीसी मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति की घोषणा की गई। भाजपा संगठन को और अधिक सशक्त करने के उद्देश्य से सरगुजा संभाग को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। भाजपा ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारियों की घोषणा के तहत पार्षद मनोज गुप्ता को प्रदेश उपाध्यक्ष, राजेंद्र जायसवाल को दुर्ग संभाग प्रभारी तथा राकेश कुमार गुप्ता बबलू को भाजपा ओबीसी मोर्चा सरगुजा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इन नियुक्तियों से सरगुजा सहित पूरे क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ओबीसी समाज में उत्साह और हर्ष का माहौल है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया है कि नव नियुक्त पदाधिकारी संगठन की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के साथ-साथ ओबीसी समाज के हितों के संरक्षण और सशक्तिकरण के लिए प्रभावी रूप से कार्य करेंगे। भाजपा नेतृत्व ने आशा व्यक्त की है कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी संगठनात्मक जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करते हुए पार्टी को और अधिक मजबूत बनाएंगे तथा आगामी चुनावों में भाजपा को ऐतिहासिक सफलता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर बंद रहेंगे पशुवध गृह

**अम्बिकापुर।** नगर पालिका निगम अम्बिकापुर आयुक्त ने बताया कि स्थानीय शासन विभाग के आदेशानुसार 18 दिसंबर 2025 को गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर पशुवध गृह बंद रखे जाएंगे। उन्होंने समस्त मांस, मछली, बकरा, बकरी, मुर्गा, मुर्गी विक्रेताओं को सूचित किया है कि गुरू घासीदास जयंती पर मांस, मछली, बकरा, बकरी, मुर्गा, मुर्गी का वध एवं विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने उपरोक्त तिथि को पशु वध एवं मांस विक्रय न किए जाने के निर्देश दिए हैं।



बाघ के सामने के पैर के नाखून एवं निकाले गए दांत।



बाघ के पिछले पैर।



बाघ के शरीर पर हाई वोल्टेज करंट से जलने के निशान।



मृत बाघ का संक्रमित शव।

## अम्बिकापुर-बनारस स्टेट हाइवे से 1 किमी दूर है घटनास्थल

# पीएम में हाई वोल्टेज करंट से बाघ की मौत होने की पुष्टि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सूरजपुर वनमण्डल अंतर्गत वन परिक्षेत्र घुई के घोंघा जंगल में बाघ की मौत करंट से होने की पुष्टि हुई है। प्राथमिक जांच में ग्राम घोंघा के कुछ ग्रामीणों द्वारा अवैध शिकार के लिए करंट की बाड़ लगाने की संभावना पर अधिकारी कुछ संदेहियों से पूछताछ कर रहे हैं। अधिकारी बाघ की हत्या करने के मामले में कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिलने एवं तीन-चार दिनों के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार करने की बात कह रहे हैं।

**खास बातें**
- स्नीफर डॉग ने ग्राम घोंघा, परसडीहा तक लगाई दौड़
- अधिकारी संदेहियों से कर रहे पूछताछ, अब तक शिकार के लिए उपयोग किया गया विद्युत तार नहीं हुआ बरामद

सोमवार को देर शाम गुरू घासीदास नेशनल पार्क की टीम स्नीफर डॉग लेकर ग्राम घोंघा से सटे जंगल स्थित घटनास्थल पर पहुंची। इस दौरान अंधेरा होने के कारण जांच में स्नीफर डॉग का उपयोग नहीं किया गया। विभाग ने मृत बाघ के पीएम के लिए सोमवार को भी पशु चिकित्सकों को बुलाया था लेकिन शव के साथ छेड़छाड़ करने जांच प्रभावित होने के संदेह पर पीएम स्थगित कर दिया। मंगलवार को सुबह बाघ के शव का मुआयना करने के बाद स्नीफर डॉग घटनास्थल से जंगल के अलग-अलग रास्ते से ग्राम घोंघा बस्ती एवं पास के परसडीहा बस्ती के कुछ घरों तक पहुंचा। स्नीपर डॉग की निशानदेही से इन्हीं दोनों गांव के लोगों द्वारा अवैध शिकार के लिए करंट की बाड़ बिछाने की संभावना जताई जा रही है। संदेह के आधार पर वन अधिकारियों ने कुछ संदेहियों को हिरासत में लिया है तथा उनसे पूछताछ की जा रही है। अभी तक विभाग को बाघ की हत्या करने के संबंध में कुछ खास सबूत नहीं मिल पाया है। घटनास्थल अम्बिकापुर-बनारस मुख्य मार्ग से लगभग एक किमी दूर है तथा पास में ही ग्राम घोंघा है। दूसरे गांव के शिकारी शिकार के उद्देश्य से करंट की बाड़ लगाने नहीं आएंगे इस लिहाजा से घटना में ग्राम घोंघा के ही आरोपियों के शामिल होने की संभावना है। अवैध शिकार के मामले में ग्राम परसडीहा सहित वाड्रफनगर वन परिक्षेत्र के अन्य ग्रामीणों के भी शामिल होने की संभावना है जो आरोपियों के रिश्तेदार हो सकते हैं। वन अधिकारी इसी आधार पर आरोपियों तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं।



वन विभाग की निगरानी में किया गया बाघ का अंतिम संस्कार।

### करंट से मौत होने की पुष्टि

पीएम में करंट से बाघ की मौत होने की पुष्टि हुई है। बाघ के 8 नाखून एवं चार दांत गायब हैं। आरोपियों के संबंध में कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

-**दुलेश्वर साहू**, डीएफओ, सूरजपुर

### अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ पीएम

मंगलवार को पशु चिकित्सकों की पांच सदस्यीय टीम ने मुख्य वन संरक्षक वाइल्ड लाइफ वेंकट चेलम व दिलराज प्रभाकर डीएफओ दुलेश्वर साहू सहित अन्य वरिष्ठ वन अधिकारियों की उपस्थिति में मृत बाघ का पीएम किया। चिकित्सकों के दल में पशु चिकित्सक एनपी पैकरा, डा.शंभुनाथ पटेल, डॉ.सुधीर जायसवाल कानन पेंडारी के पशु चिकित्सक डॉ.चंदन एवं हाथी पुनर्वास केन्द्र रमकोला के पशु चिकित्सक डॉ.अजीत कुमार पाण्डेय उपस्थित थे। पीएम में मृत बाघ का हृदय, फेफड़ा, लीवर, किडनी सहित महत्वपूर्ण अंग हाई वोल्टेज करंट के झटके से काले पड़ गए थे। चिकित्सकों ने बाघ को पूर्णतः वयस्क , उम्र 10 वर्ष आंकी है। बाघ की मौत 5-6 दिन पूर्व होने का अनुमान लगाया जा रहा है क्योंकि कड़ाके की ठंड पड़ने के बावजूद शव में सड़न शुरू हो चुकी थी।

### 8 नाखून एवं चार दांत गायब

पीएम के दौरान विशेषज्ञ पशुचिकित्सकों ने बाघ की मौत हाई वोल्टेज करंट से होने की पुष्टि की है। शिकार के लिए हुकिंग में बाइक के क्लच वायर का उपयोग करने की संभावना जताई जा रही है। तेज करंट लगने से बाघ के पीठ एवं पुट्ठे के पास करंट से जलने के गहरे निशान हैं तथा पुट्ठे से लेकर करंट से गर्दन तक का हिस्सा झुलस गया है। बाघ का शरीर अकड़ गया था तथा उसका मुंह खुला था। उसका पेट फूला हुआ था तथा मल निकल गया था। बाघ के आगे के दोनों पैर के चार-चार नाखून एवं शिकार में मुख्य भूमिका निभाने वाले केनाइन के चार दांत गायब हैं। आगे के दोनों पंजों में एक-एक नाखून मिले हैं। चिकित्सकों ने बाघ का नाखून व दांत निकालने के लिए बर्बरता पूर्वक घातक हथियार का उपयोग करने की संभावना व्यक्त की है। बाघ के नाखून एवं दांतों की अंतराष्ट्रीय बाजार में ऊंची कीमत मिलती है इस बात की जानकारी शिकारियों को भलीभांति होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

### विभाग की बड़ी लापरवाही

बाघ का अवैध शिकार करने से वन्यजीव प्रेमी हैरान हैं तथा मामले में वन अधिकारियों की बड़ी लापरवाही बता रहे हैं। गुरू धासीदास तमोर पिंगला अभयारण्य को टाइगर रिजर्व घोषित हुए एक साल पूरा हो गया है लेकिन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी बाघ सहित अन्य हिंसक वन्य जीवों की सुरक्षा को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। बाघ गुरूघासी दास नेशनल पार्क से तमोर पिंगला अभयारण्य। में पहुंचता है। ग्रामीण पिछले 15 दिनों से तमोर पिंगला में मौजूद होने की बात कह रहे हैं। लेकिन टाइगर रिजर्व के अधिकारियों को इसकी भनक तक नहीं लग सकी। न तो इस संबंध में गुरू घासीदास नेशनल पार्क के अधिकारियों ने ही तमोर पिंगला अभयारण्य के अधिकारियों को कोई सूचना न दी। न ही इस संबंध में अधिकारियों ने कोई संवाद किया। विभाग के वरिष्ठ अधिकारी कार्यालयों तक सिमट कर रह गए हैं तथा मैदानी अधिकारी भी जंगल में नहीं जाते तथा कर्मचारियों से बात कर विभागीय खानापूर्ति में व्यस्त रहते हैं।

## कार पलटने से गंभीर चालक की अस्पताल ले जाते समय मौत

**सोनगरा।** चंदोरा अंतर्गत ग्राम पहिया निवासी धनेश्वर राजवाड़े आ. खरीदन राजवाड़े (34 वर्ष) वर्तमान में वह अपने ससुराल पार्टबहरा, सकलपुर में रहकर ग्राम सोनगरा में बाइक रिपेयरिंग का काम करता था। गत दिन दोपहर में भैयाथान बैंक से रूपए निकाल कर कार क्रमांक जेएच 01 सीके 02331 से वापस लौट रहा था। जैसे ही सोनगरा पेट्रोल पंप के समीप पहुंचा तभी तेज रफ्तार कार से नियंत्रण खो बैठा जिससे अनियंत्रित होकर कार सड़क किनारे पलट गई। वाहन पलटने के दौरान ही वह उछल कर वाहन से बाहर जा गिरा जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी लगने ही परिजन आसपास के लोगों की मदद से घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत धनेश्वर को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि घटना के समय वह शराब के नशे में था जिससे दुर्घटना हुई। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह क्षेत्र कोलफील्ड क्षेत्र होने के कारण यहां भारी वाहनों, कोयला लोड ट्रकों और हाईवा की आवाजाही बनी रहती है। दोनों पेट्रोल पंपों के बीच सड़क अत्यंत जर्जर हो चुकी है। जगह-जगह बने गड्ढे लगातार हादसों को दावत दे रहे हैं, लेकिन संबंधित विभाग अब तक आंख मूंदे बैठे हैं।

## राम किशुन सहकारी बैंक के अध्यक्ष बने





**अंबिकापुर/कुसमी।** लम्बे समय से खाली पड़े हुए सरगुजा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद पर नाम अब लगभग फाइनल हो गए है। अध्यक्ष पद के लिए सामरी क्षेत्र से राम किशुन सिंह व उपाध्यक्ष के लिए कोरिया बुढार के जगदीश साहू का नाम प्रस्तावित किया गया है। इस नियुक्ति के बाद शुभ चिंतकों में हर्ष का माहौल है।

बता दें कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित अंबिकापुर में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के पड़ लम्बे समय से खाली पड़े हुए है और इन पदों पर चुनाव नहीं हो पाए है। इस दौरान वर्ष 2023 में सत्ता परिवर्तन के बाद पूर्व में मनोनीत किए गए अध्यक्ष रामदेव राम को हटा दिया गया था और उसके बाद से ही अध्यक्ष उपाध्यक्ष पदों पर मनोनयन की प्रक्रिया नहीं हो सकती थी। अब छत्तीसगढ़ के संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाओं रायपुर ने इस संबंध में जानकारी मांगी है। वहीं अब सहकारी बैंक के अध्यक्ष पड़ हेतु राम किशुन सिंह का नाम प्रस्तावित किया गया है। वे वर्तमान में सामरी विधानसभा से आते है और अविभाजित सरगुजा के जिलाध्यक्ष रह चुके है। वे छग ट्राइबल कमीशन के मेंबर भी रहे हैं। वहीं जगदीश साहू पूर्व में कोरिया के मंडल अध्यक्ष रहे हैं। रामकिशुन सिंह को जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित सहकारी बैंक के अध्यक्ष बनने पर सरगुजा संभाग सहित क्षेत्रवासियों में देखने को मिली खुशी की लहर ।

### संस्था को मजबूत बनाने का प्रयास करेंगे

भाजपा के कद्दावर एवं वरिष्ठ नेता रामकिशुन सिंह को सहकारी बैंक का अध्यक्ष बनाए जाने से पूरे प्रदेश व संभाग के भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। इस संबंध में मीडिया से फोन पर चर्चा करते हुए रामकिशुन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सरगुजा संभाग में सहकारी केंद्रीय बैंक का अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मुझे सौंपी गई है। मेरा हमेशा प्रयास रहेगा कि मैं उसके लिए शासन के नियमानुसार जिस प्रकार से मुझे सरगुजा संभाग में सहकारी केंद्रीय बैंक एवं सहकारी समिति संस्थाओं के लिए अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है इसका मै सत्यनिष्ठा के साथ अपने पद का निर्वहन करूंगा। सरगुजा संभाग में क्षेत्र के सभी किसानों के हित में ज्यादा से ज्यादा विकास कार्य कार्य हो सके साथ ही इस सहकारी केंद्रीय बैंक एवं सहकारी संस्था को हरेक प्रकार से मजबूत बना सके। मेरा हमेशा प्रयास रहेगा कि पूरे प्रदेश में सहकारिता विभाग का कार्य काफी ऊंचाइयों तक पहुंच सके।

## शहर में बढ़ी गुंडागर्दी, युवकों ने जमकर मचाया उत्पात, दो युवकों के साथ की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में एक बार भी गुंडागर्दी बढ़ गई है। आलम यह है कि गुंडागर्दी कर रहे लोगों पर अब पुलिस का भय खत्म सा हो गया है। बीती रात मणिपुर दर्री पारा में कुछ युवकों ने न सिर्फ जमकर उत्पात मचाया बल्कि एक युवक को किराए के मकान से निकाल कर जमकर पिटाई कर दी वहीं दूसरी घटना में युवकों ने एक युवक के घर पत्थरबाजी कर जान से मारने की धमकी दी। दोनों घटनाओं में मणिपुर पुलिस ने उत्पात मचाने तथा मारपीट करने वाले एक ही गिरोह के युवकों पर दो अलग-अलग अपराध दर्ज किया है। आतंक मचाने वाले युवकों में पार्षद पुत्र भी शामिल है।

- पुलिस ने एक की गिरोह के युवकों पर किया दो अलग-अलग अपराध दर्ज

पुलिस के मुताबिक मंगल पाण्डेय वार्ड खटीक पारा निवासी राहुल सोनवानी आ. पन्नेलाल सोनवानी (22 वर्ष) ने मणिपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 15 दिसंबर की रात वह अम्बेडकर वार्ड दर्रीपारा विकास साहू के यहां लिए अपने किराए के मकान में दोस्तों के साथ था। उसी समय उदय साहू, उत्तम साहू, आकाश यादव, अखिल सोनी, समीर मुण्डा, रौनक मुखर्जी सहित अन्य 3-4 व्यक्ति पहुंचे और किराए के रूम में घुसकर जातिगत गाली गलौज करने लगे। साथ ही मुझे व शुभम रवि को जान से मारकर फेंक देंगे की धमकी देते हुए चाकू दिखाकर जबरन घर से खींचते हुए घर के पास झाडी मे ले गए एवं हाथ मुक्का व ईट पत्थर, डंडे व चाकू से मारपीट करने लगें। मारपीट करते समय शुभम रवि को जलते हुए आग से उसके दाएं हाथ को जला दिए है। इसी बीच उदय साहू ने भाजपा नेता प्रकाश साहू के घर ले जाने की बात कही जहां इनका फैसला करेंगें। जिसके बाद युवको ने राहुल और उसके दोस्त को प्रकाश साहू के घर के पास ले गये जहां प्रकाश साहू का लड़का विशाल साहू और राजा साहू ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की और अमन मिश्रा के साथ मिलते जुलते देखने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 118(1), 127(2), 190, 191(2), 191(3), 296, 331(8), 351(3) के तहत तहत अपराध दर्ज किया है। इसी प्रकार दूसरी घटना में दर्रीपारा निवासी कमलेश मिश्रा आ. स्व. त्यागेश्वरी मिश्रा (48 वर्ष) ने मणिपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि बीती रात पुत्र अमन मिश्रा सहित परिवार के साथ घर में था तभी उदय साहू, उत्तम साहू, आकाश यादव, समीर मुण्डा, रौनक मुखर्जी, अखील सोनी व अन्य 3-4 व्यक्ति घर में घुसकर पुत्र अमन मिश्रा सहित परिवार के लोगों के साथ गाली गलौज करने लगे। साथ ही परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए ईंट पत्थर से चलाने लगे। जिस पर पीड़ित परिवार के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को देने पर सभी युवक मौके से फरार हो गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 191(2), 296, 351(3), 352 के तहत अपराध दर्ज किया है।


जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशितकिया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### गौठान में युवक-युवती का मिला शव

**बैकुण्ठपुर।** सिटी कोतवाली अंतर्गत एक गांव के गौठान में एक युवक एवं युवती का शव फांसी पर झूलते मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। खबर सुनने के बाद घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जुटने लगी, इसी बीच सिटी कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई और पुलिस मौके पर पहुंच कर पंचनामा एवं शिनाख्त की कार्रवाई उपरांत शव को अपने कब्जे में लेकर पीएम के लिए अस्पताल भेजवाया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सिटी कोतवाली बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम जामपानी के गौठान में बीते दिवस युवक-युवती का शव फांसी पर लटकते पाए जाने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो शिनाख्त कार्रवाई के दौरान युवक की पहचान ग्राम जामपानी के केशव के रूप में हुई, वहीं युवती की पहचान नहीं हो पाई थी। बताया जाता है कि मृतक युवक केशव दो दिनों से अपने घर से गायब था, जिसकी तलाश परिजन द्वारा की जा रही थी। गौठान में फांसी पर झूलते शव मिलने के बाद परिवार में शोक का माहौल छा गया। बहरहाल सिटी कोतवाली पुलिस इस मामले को प्रेम प्रसंग के साथ विभिन्न पहलुओं को जोड़कर मामले की जांच में जुट गई है, इसके बाद ही मामले के रहस्यों का खुलासा हो पाएगा।

### गुरू घासीदास जयंती पर कल शुष्क दिवस

**बैकुण्ठपुर।** आबकारी आयुक्त छग रायपुर के पत्र क्रमांक/आब./ठेका/2025/1166 नवा रायपुर 10 मार्च 2025 के परिपालन में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट कोरिया श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने छग आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उपधारा (1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार 18 दिसंबर को गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर जिले में शुष्क दिवस रहेगा। इस दिन जिला कोरिया की समस्त देशी, विदेशी एवं कंपोजिट मदिरा की फुटकर दुकानें, एफएल 3 (ग) पर्यटन बार, एफएल 4 (क) व्यवसायिक क्लब तथा अहाता पूर्णतः बंद रहेंगे। यह आदेश वर्ष 2025-26 की आबकारी नीति के अंतर्गत व्यवस्थापन एवं अन्य बिंदुओं की कंडिका 22 की उप कंडिका 22.1 के अनुसार जारी किया गया है। आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित समस्त अनुज्ञाधारियों एवं विभागीय अधिकारियों को दिए गए हैं। जिले में यह आदेश बैकुंठपुर, पटना, चरचा, पण्डोपारा एवं सोनहत स्थित मदिरा दुकानों, आर क्लब बार बैकुंठपुर तथा मितान पर्यटन बार पटना में प्रभावशील रहेगा।

### कलेक्टर जनदर्शन में 21 आवेदन

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुनी। जिले के ग्रामीणजन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में 16 दिसंबर को कुल 21 आवेदन प्राप्त हुए।

### खाताधारी 1 जनवरी से कर सकेंगे ऑनलाइन लेन-देन

**मनेन्द्रगढ़।** के. लोकेश्वर राव अर्बन बैंक डेलीगेट मनेन्द्रगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि रेलवे अर्बन बैंक के खाताधारकों के लिए नएवर्ष 2026 की शुरूआत एक बड़ी राहत लेकर आएगी। 1 जनवरी 2026 से अर्बन बैंक के खाताधारी भी अन्य बैंकों की तरह ऑनलाइन लेन-देन की सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। दक्षिण पूर्व, दक्षिण पूर्व मध्य एवं पूर्व तटीय रेलवे को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसायटीज की बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की हाल ही में कोलकाता में आयोजित बैठक में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।

### 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवा भी बन सकेंगे मतदाता

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने जिले के युवाओं के लिए महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि जो युवक-युवतियां 1 अक्टूबर 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करेंगे, वे भी मतदाता बनने के लिए फॉर्म-6 एवं अनुलग्नक-4 (घोषणा पत्र) के साथ आवेदन कर सकते हैं। ऐसे पात्र युवाओं का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ऐसे अर्ह मतदाता 18 दिसंबर तक अपने आवेदन संबंधित बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) के पास अथवा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि ईआरओ द्वारा फॉर्म-5 के माध्यम से ड्राफ्ट मतदाता सूची के प्रकाशन के लिए नोटिस जारी करते समय आगामी अर्हता तिथियों 1 अप्रैल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर 2026 के लिए भी अग्रिम आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे।

### दिन में जले वाहनों की लाइट, तापमान में गिरावट

# छाया घना कोहरा, जनजीवन प्रभावित





हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

रविवार व सोमवार को हल्के बादलों के बीच धूप छाव की स्थिति बनती रही, इसके चलते अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी हो गई। इसके पूर्व जोरों की ठंड पड़ रही थी।

इसी बीच आसमान में हल्के बादलों के कारण तापमान में हल्की बढ़ोतरी हुई। मौसम विभाग के अनुसार दो-तीन दिनों तक न्यूनतम तापमान में ज्यादा परिवर्तन नहीं होगी, इसके बाद अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान में गिरावट होना शुरू हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि दिसंबर के महीने में कड़ाके की ठंड का असर रहता है, ऐसे में दो-तीन दिनों बाद आसमान पूरी तरह से साफ होगा और फिर से कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना है। दिसंबर महीने में कड़ाके की ठंड के असर को देखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा चालू माह के अंतिम सप्ताह में शीतकालीन अवकाश घोषित कर रखा है। फिलहाल बदली के कारण अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान में हल्की बढ़ोतरी हुई जरूर है, इसके चलते ठंड में मामूली कमी आई है, लेकिन जिले के मैदानी, वनांचल एवं पठारी क्षेत्रों में जमकर सर्दी पड़ रही है, कुछ दिन बाद मौसम पूरी तरह से साफ हो जाता है, ऐसे क्षेत्रों में कड़ाके की ठंड के असर का सामना लोगों को करना पड़ सकता है।

#### घंटो घने कोहरे से घिरा रहा शहर

मंगलवार की सुबह के समय घना कोहरा छाया रहा, जो सूर्य निकलने के बाद तक कोहरा छाया रहा। कोहरे के कारण दृश्यता कम हो गई थी और वाहन चालकों को सूर्य निकलने के बाद भी हेडलाईट चालू कर चलना पड़ रहा था। वहीं बैकुंठपुर से सोनहत मार्ग का शिवघाट भी घने कोहरे की चादर से लिपटा रहा, इस मार्ग से आने जाने वाहन चालकों को हेडलाईट चालू कर सतर्कता से वाहन चलाना पड़ा।

# अश्लील वीडियो वायरल, 32 लाख की ठगी, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



सिटी कोतवाली पुलिस ने अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर अलग-अलग बैंक खातों के माध्यम से 32 लाख रूपए की ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी विजेन्द्र कुमार यादव निवासी जूनापारा बैकुंठपुर द्वारा थाना बैकुंठपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 21 मई 2023 को रात्रि लगभग 8 बजे उसके मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा वीडियो कॉल किया गया। जान-पहचान का समझकर जब प्रार्थी ने कॉल रिसीव किया, तो मोबाइल स्क्रीन पर एक युवती नग्न अवस्था में दिखाई दी। घबराकर प्रार्थी ने तत्काल कॉल काट दी, इसके पश्चात एक महिला द्वारा प्रार्थी के मोबाइल पर वीडियो कॉल का स्क्रीनशॉट एवं आपत्तिजनक फोटो भेजकर 50 हजार रूपए की मांग की गई। रकम नहीं देने पर उक्त सामग्री को वायरल करने की धमकी दी गई। भयभीत होकर प्रार्थी ने अलग-अलग बैंक खातों के माध्यम से कुल 32 लाख रूपए आरोपियों को दे दिए। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बैकुंठपुर में अपराध क्रमांक 168/23, धारा 388, 420, 120-बी भादवि एवं 66 (घ) आईटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही थी।

विवेचना के दौरान पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के मार्गदर्शन एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी राजेश साहू के नेतृत्व में थाना बैकुंठपुर व साइबर सेल की संयुक्त टीम गठित की गई। बैंक खातों एवं मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी मकसूद उर्फ मक्कू पिता आजाद उम्र 28 वर्ष निवासी पेमा खेड़ा, थाना पुन्हाना, मेवात (हरियाणा) तथा प्रदीप पिता जगराम चौधरी उम्र 20 वर्ष निवासी तातरपुर, मेवात (हरियाणा) को मेवात (हरियाणा) एवं अलवर (राजस्थान) से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों को 15 दिसंबर को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक विपिन लकड़ा, साइबर प्रभारी निरीक्षक विनोद पासवान, प्रधान आरक्षक दीपक पांडे, साइबर आरक्षक अमरेशानंद एवं आरक्षक दिनेश उईके का विशेष योगदान रहा।

# खेलकूद स्पर्धा में बच्चों की दिखी प्रतिभा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मेरा युवा भारत कोरिया, छग द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता के अंतर्गत फुटबॉल, रस्साकसी, गोला फेंक, तवा फेंक, 100 मीटर एवं 200 मीटर दौड़ आयोजित की गई। ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताएं सोनहत एवं बैकुंठपुर में आयोजित की गई थीं, जिनके विजेता प्रतिभागियों ने सोमवार को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा तथा विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत सदस्य रीना साहू, सूरज कुमार (नोडल खेल अधिकारी, कोरिया) एवं संजय चिकजुरी (मंडल अध्यक्ष, भाजपा) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए सौरभ निषाद, जिला युवा अधिकारी (मेरा युवा भारत कोरिया) ने जानकारी दी।

मुख्य अतिथि श्री पैकरा ने कहा कि खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेना युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। खेल से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, बल्कि अनुशासन और टीम भावना भी विकसित होती है। वहीं जनपद सदस्य रीना साहू ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मेरा युवा भारत कोरिया की ओर से युवा मंडलों को स्पोर्ट्स किट अतिथियों के करकमलों से प्रदान की गई। सभी विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन कार्यालय सहायक, मेरा युवा भारत कोरिया राजीव साहू ने किया। आयोजन में योगेश साहू, चंद्रकेश्वर त्रिदेव, सनी सहित काफी संख्या में खिलाड़ी एवं युवा उपस्थित रहे।

#### प्रतियोगिता के परिणाम

बालक वर्ग 200 मीटर दौड़, प्रथम हिमांशु सिंह, द्वितीय, लोकनाथ, तृतीय राकेश रहे। इसी तरह बालिका वर्ग 100 मीटर दौड़ में प्रथम पूजा, द्वितीय,गायत्री, तृतीय प्रतिज्ञा पैकरा, गोला फेंक में प्रथम अजय कुमार, द्वितीय आशीष साहू, तृतीय आदित्य सिंह, तवा फेंक में प्रथम रीमा सिंह, द्वितीय मानमती, तृतीय प्रियंका, रस्साकसी में प्रथम एसंटी गर्ल्स चारपारा बैकुंठपुर ब्लॉक, द्वितीय सोनहत टीम (सोनहत ब्लॉक) फुटबॉल में प्रथम घुघरा टीम सोनहत ब्लॉक, द्वितीय दादाभाई क्लब बैकुंठपुर रहे।

### मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन अब 23 को

**अनूपपुर।** निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण किया जा रहा है। आयोग द्वारा संशोधित समय सारणी के अनुसार अब मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन अब 23 दिसंबर को किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षल पंचोली ने बताया कि सभी रिटर्निंग आफीसर 18 दिसंबर तक गणना पत्रक का कार्य अनिवार्य रूप से पूरा कर लें। 19 दिसंबर से 22 दिसंबर तक अंतिम मतदाता सूची का प्रारूप तैयार कर लें। मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन सभी मतदान केन्द्रों तथा निर्धारित कार्यालयों में 23 दिसंबर को होगा।

# धान खरीदी में पारदर्शिता पर जोर

■ कलेक्टर ने दिए सख्त और स्पष्ट निर्देश




**बैकुण्ठपुर।** जिले में 15 नवंबर से प्रारंभ हुई धान खरीदी प्रक्रिया 31 जनवरी 2026 तक जारी रहेगी। धान खरीदी को पारदर्शी, सुव्यवस्थित और किसान-हितैषी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी द्वारा नियमित समीक्षा की जा रही है।

मंगलवार को आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने नोडल अधिकारियों एवं संबंधित विभागों को कई महत्वपूर्ण और सख्त निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि हमालों को भुगतान में किसी भी प्रकार की देरी स्वीकार्य नहीं होगी। सहकारिता विभाग से समितिवार भुगतान की स्थिति की जानकारी ली गई तथा जिन समितियों में भुगतान लंबित है, वहां तत्काल भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने दोहराया कि किसानों से जबरन हमाली नहीं कराई जाए और स्वेच्छा से सहयोग करने वाले किसानों को नियमानुसार पारिश्रमिक अवश्य दिया जाए। ⏭ शेष पेज 4 पर

### खरमास शुरु, मांगलिक कार्यों पर मकर संक्रांति तक रोक

**बैकुण्ठपुर।** मंगलवार से खरमास प्रारंभ हो गया, इसके साथ ही विवाह, मुंडन,जनेउ संस्कार सहित गृह प्रवेश व अन्य शुभ कार्यो पर विराम लग गया है। इस वर्ष साल के अंतिम माह दिसंबर में गिनती के ही विवाह के शुभ मुहूर्त थे, जो चालू माह के पहले सप्ताह में ही समाप्त हो गए। इस तरह साल के आखिरी माह में गिनती के दिन ही विवाह मुहूर्त रहे और इसके बाद 16 दिसंबर से खरमास प्रारंभ हो गया। खरमास शुरू होने के बाद किसी भी तरह का शुभ कार्य को करने की मनाही होती है। इस दौरान केवन श्रद्धापूर्व पूजा-अर्चना किया जा सकता है, लेकिन नए शुभ कार्य पर पूर्णतः विराम लग जाता है,इसके बाद अब नए साल 2026 में ही खरमास समाप्त होने के बाद विवाह सहित अन्य तरह के शुभ कार्यो की शुरूआत की जा सकेगी। जानकारी के अनुसार अगले माह 14 जनवरी मकर सक्रांति के साथ खरमास समाप्त हो जाएगा, इसके साथ सभी तरह के शुभ कार्यो में लगा विराम हट जाएगा और फिर वैवाहिक कार्यक्रमों की शुरूआत होने के साथ विभिन्न तरह के शुभ कार्यो की शुरूआत हो सकेगी।

# टोकन ऐप : छोटे किसानों को मिली राहत



**बैकुण्ठपुर।** छग सरकार ने किसान हितैषी पहल को आगे बढ़ाते हुए धान खरीदी व्यवस्था को और अधिक सरल, पारदर्शी व सुविधाजनक बना दिया है। किसानों की व्यावहारिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अब तूहर टोकन ऐप 24 बाई 7 उपलब्ध रहेगा, जिससे किसान दिन-रात किसी भी समय अपनी सुविधा अनुसार टोकन बुक कर सकेंगे।

इस व्यवस्था से किसान 13 जनवरी तक अग्रिम टोकन प्राप्त कर सकेंगे, इससे समितियों में भीड़, तकनीकी दबाव और अंतिम समय की हड़बड़ी जैसी समस्याओं में कमी आएगी। अग्रिम योजना के साथ धान विक्रय होने से पूरी प्रक्रिया अधिक सुव्यवस्थित और सुचारू रूप से संचालित होगी। राज्य सरकार ने लघु एवं सीमांत किसानों के हित में विशेष निर्णय लेते हुए 2 एकड़ अथवा उससे कम रकबा वाले किसानों को 31 जनवरी 2026 तक तूहर टोकन ऐप के माध्यम से टोकन लेने की सुविधा दी है।

### कृषि अधिकारियों को मिला नया नेतृत्व



**मनेन्द्रगढ़।** छग कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ जिला इकाई एमसीबी की नवीन कार्यकारिणी का गठन कर दिया गया है। प्रदेश संगठन की स्वीकृति के बाद जारी अधिसूचना के अनुसार दीपक कुमार साहू को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि पीएल तिवारी को संरक्षक बनाया गया है। उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी हर्ष कुमार अहिरवार, संजय अम्लेश एवं देवशरण द्विवेदी को दी गई है। विकास कुमार चौरसिया एवं राजकुमार सेन्द्राम सचिव तथा राजेन्द्र कुमार गुप्ता एवं सूरज कुमार भगत कोषाध्यक्ष होंगे। महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष अरूंधति राज होंगी। उपाध्यक्ष पद पर मोनिका मराबी, गरिमा सिंह एवं किंजल सिंह को दायित्व सौंपा गया है। मीडिया प्रभारी के रूप में रहमत उल्ला काजी, रामबिहारी लहरे एवं दुर्गेश पटेल की नियुक्ति की गई है। विकासखंड अध्यक्ष अमित कुमार सेन मनेन्द्रगढ़, दुर्गेश कुमार सिंह भरतपुर एवं नफीस आलम खड़गवां बनाए गए हैं। कृषि विकास अधिकारी प्रकोष्ठ का संयोजन जितेन्द्र झा को सौंपा गया है।

### केवी चिरमिरी में केवीएस का 63 वां स्थापना दिवस मना



**डोमनहिल।** केन्द्रीय विद्यालय चिरमिरी में केन्द्रीय विद्यालय संगठन का 63 वां स्थापना दिवस एसईसीएल चिरमिरी क्षेत्र के महाप्रबंधक एवं अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति अशोक कुमार एवं सब एरिया मैनेजर कुरासिया कॉलरी अरूण सिंह चौहान, विद्यालय की भूतपूर्व शिक्षिका श्रीमती सुजाता भारद्वाज के गरिमामय उपस्थिति में हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, प्राचार्य एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्जवलित के साथ हुआ। कार्यक्रम की शुरूआती दौर में सीसीए प्रभारी डॉ.विनीता पाण्डेय द्वारा केन्द्रीय विद्यालय संगठन के गौरवमयी इतिहास, स्थापना, उपलब्धियों और लक्ष्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर संगीत शिक्षिका सुश्री भुनेश्वरी नागवंशी के निर्देशन में प्राथमिक एवं माध्यमिक वर्ग के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया।

### मशाल रैली के साथ पब्लिक स्कूल में खेल उत्सव



**मनेन्द्रगढ़।** एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ के द्वारा मशाल रैली का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल में खेल उत्सव की शुरूआत का प्रतीक है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लिंगराज सिदार एवं मनेन्द्रगढ़ थाना प्रभारी दीपेश सैनी के द्वारा मशाल जलाकर एवं हरीझंडी दिखाकर रैली को प्रारंभ करवाया गया। प्रत्येक वर्ष एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल के द्वारा खेल उत्सव की शुरूआत मशाल रैली निकालकर की जाती है, जोकि मनेन्द्रगढ़ के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरते हुए एकेडमिक हाइट पब्लिक स्कूल परिसर में जाकर संपन्न होती है और इसके साथ ही हो जाती है खेल उत्सव की शुरूआत। विद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए सभी प्रकार की मानसिक, शारीरिक, बौद्धिक गतिविधियों का आयोजन लगातार समय-समय पर किया जाता है। इसी कड़ी में प्रत्येक वर्ष दिसंबर माह में खेल उत्सव का आयोजन किया जाता है।

### केबी पटेल नर्सिंग एवं बीएड कॉलेज में आयोजन

# आनंद मेले जैसे आयोजन से निखरती है छात्र-छात्राओं की प्रतिभा: पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल



डोमनहिल-चिरमिरी क्षेत्र का लाईफ लाइन माने जाने वाले केबी पटेल नर्सिंग एवं बीएड कॉलेज द्वारा आयोजित आनंद मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसईसीएल चिरमिरी क्षेत्र के महाप्रबंधक अशोक कुमार ने कहा कि आनंद मेला जैसे आयोजनों से छात्र-छात्राओं में रचनात्मकता, आत्मनिर्भरता एवं सामाजिक कौशल का विकास होता है। उन्होंने कहा कि ऐसे मंच विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देते हैं, वहीं अभिभावक एवं आगंतुक खरीदारी कर बच्चों का उत्साहवर्धन करते हैं। मेले में छात्राओं द्वारा स्वच्छता सहित सामाजिक संदेश प्रस्तुत किए गए, जिससे यह आयोजन शिक्षाप्रद भी रहा। कार्यक्रम में संपदा महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती बबीता कुमार, संस्था के चेयरमेन एनआरआई चंद्रकांत पटेल, नर्सिंग एवं बीएड कॉलेज के शिक्षकगण सहित काफी संख्या में अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बीएड एवं नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। सभी स्टॉलों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा गया। इस अवसर पर चंद्रकांत पटेल ने कहा कि बच्चों में हुनर की कोई कमी नहीं है, ऐसे आयोजन उनके अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने का माध्यम बनते हैं। आनंद मेला एक सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक आयोजन के रूप में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। संस्था के डायरेक्टर विश्वजीत बारिक ने कहा कि संस्था का उद्देश्य ऐसे कार्यक्रम आयोजित करना है, जो छात्रों के भविष्य निर्माण में सहायक हों। आयोजन को सफल बनाने में प्राचार्य प्रियांशु सिंह, श्रीमती मंजू लता कश्यप सहित समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

#### कई राज्यों के व्यंजनों ने बढ़ाया आकर्षण

आनंद मेले में छात्राओं द्वारा गुजरात, महाराष्ट, बिहार, मध्य प्रदेश, छग, ओडिशा, राजस्थान, पंजाब, चेन्नई, आंध्र प्रदेश सहित चाइनीज व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए। अलग-अलग राज्यों की पारंपरिक वेशभूषा में छात्राओं ने व्यंजन परोसे। इस दौरान बीएड छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सामूहिक नृत्य को खूब सराहना मिली। अतिथियों एवं अभिभावकों ने स्टॉलों का निरीक्षण कर बच्चों के हाथों बने व्यंजनों की प्रशंसा की।

# लाईवलीहुड कॉलेज के प्राचार्य सड़क दुर्घटना में घायल



**बैकुंठपुर।** जिला पंचायत कोरिया के सहायक परियोजना अधिकारी एवं लाईवलीहुड कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य ए.पन्ना सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें शहर के निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

मिली जानकारी के अनुसार सहायक परियोजना अधिकारी जिला पंचायत कोरिया ए. पन्ना घटना दिवस शनिवार को अपरान्ह 3:30 बजे स्कूटी से ग्राम कसरा की ओर गढ़ेलपारा होते जा रहे थे, इसी दौरान वे जैसे ही गेज नदी पार कर भाड़ी कंचनपुर तिराहे पर पहुंचे, इसी दौरान विपरीत दिशा से अज्ञात बाइक चालक मोड़ पर स्कूटी को ठोकर मारते हुए फरार हो गया। इस घटना में ए. पन्ना गिर गए और इस घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना स्थल के पास ही मंडल अध्यक्ष धीरेन्द्र साहू भी थे, उन्होंने दुर्घटना में घायल को शहर के निजी अस्पताल पहुंचाया। वहीं दुर्घटना की खबर मिलने पर अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन व सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारी घायल से मिलने अस्पताल पहुंचे। जानकारी के अनुसार इस घटना में सहायक परियोजना अधिकारी ए.पन्ना के घुटने में गंभीर चोटे आई है।

## खबर संक्षेप

### मनरेगा के नाम व योजना में परिवर्तन को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन आज

**अंबिकापुर।** मनरेगा के नाम व योजना में परिवर्तन के खिलाफ कांग्रेस ने धरना प्रदर्शन का निर्णय लिया है। जिला कांग्रेस कमेटी ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना में अमूल-चमूल परिवर्तन कर उसे कमजोर करने एवं अव्यवहारिक बनाने के साथ ही उसके नाम बदलने के लिए संसद में एक बिल प्रस्तुत किया है। इसके विरोध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने 17 दिसंबर को राष्ट्रव्यापी धरना प्रदर्शन का निर्णय लिया है। केन्द्र सरकार के द्वारा इससे संबंधित बिल के संसद में पास हो जाने पर मांग के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराने की यह योजना पूरी तरह प्रभावित होगी। इस बिल के माध्यम से केन्द्र सरकार इस योजना पर व्यय होने वाली राशि में अपने अंशदान से भी पल्ला झाड़ना चाहती है। वो इसका पूरा भार राज्य सरकारों पर डालना चाहती है। सभी राज्य सरकारें पहले से ही भारी कर्जे में फंसी हुई हैं। ऐसे में उनपर मनरेगा का पूर्ण आर्थिक भार डालने का तात्पर्य इस बहुमुखी योजना को एक तरह से समाप्त करने जैसा होगा। देश की बहुसंख्यक गरीब जनता के आय के इस प्रमुख स्त्रोत पर केंद्र की भाजपा सरकार के वार के विरोध में कांग्रेस ने राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन का निर्णय लिया है। जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा 17 दिसंबर को दोपहर 2 बजे गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण उपरांत डाटा सेंटर के सामने इसके विरोध में धरना प्रदर्शन करेगी।

### सभापति ने किया बंजा हायर सेकेंडरी स्कूल कुसमुशी प्राथमिक शाला का निरीक्षण



**भैयाथान।** शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बंजा एवं शासकीय प्राथमिक शाला कुसमुशी का निरीक्षण सहकारिता एवं उद्योग विकास विभाग के सभापति राजू गुप्ता द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान सभापति ने कक्षाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया। इसी बीच कक्षा 5वीं की एक छात्रा को बीच से उठाकर पुस्तक पढ़ने के लिए कहा गया, जिस पर छात्रा ने अंग्रेजी विषय की पुस्तक को आत्मविश्वास के साथ फर्राटेदार ढंग से पढ़कर सुनाया। छात्रा की इस प्रस्तुति से सभापति सहित उपस्थित शिक्षक काफी प्रसन्न हुए और उसकी सराहना की। सभापति ने शिक्षकों से विद्यालय की उपस्थिति, शाला की साफ-सफाई, लिपाई-पुताई, मरम्मत कार्य एवं नए भवन की आवश्यकता को लेकर चर्चा करते हुए आवश्यक कमियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बच्चों की गुणवत्ता में निरंतर सुधार के लिए बुनियादी सुविधाओं का मजबूत होना आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान सभापति ने विद्यालयों की वार्षिक परीक्षाओं में शत-प्रतिशत एवं उत्कृष्ट परिणाम सुनिश्चित करने के लिए शिक्षकों को मार्गदर्शन दिया।

### सरगुजा झण्डा सेवा समिति ने नेवता भोज के साथ बच्चों को किया गर्म कपड़े का वितरण



**ओड़गी।** जिले में पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखते शासन प्रशासन के साथ विभिन्न सेवा समितियों द्वारा स्कूली बच्चों व जरूरतमंद लोगों को ठंड से राहत दिलाने पहल किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मां कुदरगढी सरगुजा झंडा मानस सेवा समिति द्वारा जिले के प्राथमिक शाला झुनकी पारा, ओड़गी में अध्ययनरत सभी बच्चों को स्वेटर व टोपी वितरण किया। विदित हो मां कुदरगढी सरगुजा झंडा मानस सेवा समिति शिक्षा, स्वास्थ्य, नशामुक्ति, सामाजिक जागरूकता के साथ धार्मिक, सांस्कृतिक तथा लोक कला व संस्कृति के संवर्धन के उद्देश्य को लेकर विगत 25 वर्षों से अग्रसर है। इस संबंध में समिति के सचिव हरिनारायण दुबे ने बताया कि इस सर्द मौसम में पिछड़े क्षेत्र के स्कूलों में बच्चों को काफी परेशानी होती है, समिति के निर्णय अनुसार आज विशेष पिछड़ी जनजाति पंडो बाहुल्य ग्राम के प्राथमिक शाला झुनकी पारा विकासखंड ओड़गी मे नेवता भोज के रूप में मिष्ठान खिलाते हुए अध्ययनरत सभी बच्चों को स्वेटर व टोपी का वितरण किया गया, जिससे बच्चों को ठंड से राहत के साथ नियमित विद्यालय आ सकेंगे। इस दौरान ददई राम कुशवाहा, रामभरोस देवांगन,प्रदीप द्विवेदी, ऋषिराज सिंह, शशांक प्रताप सिंह, ऋषि कुमार पाण्डेय, हरिनारायण दुबे, कुंजलाल यादव, भुनेश्वर यादव, रामकाया पण्डो, गणेश सिंह, अमीर साय सहित अन्य मौजूद रहे।

### छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन में नई नियुक्ति

**रामानुजगंज।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन की जिला इकाई बलरामपुर–रामानुजगंज द्वारा संगठन को और अधिक मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश एवं संभाग प्रभारी के अनुमोदन के पश्चात अंचल यादव, प्रधान पाठक, प्राथमिक शाला चेरा, विकासखंड रामचंद्रपुर को विकासखंड अध्यक्ष, रामचंद्रपुर के पद पर नियुक्त किया गया है। जारी नियुक्ति पत्र में जिला इकाई ने आशा एवं विश्वास व्यक्त किया है कि श्री यादव अपने नवीन दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ऊर्जा एवं समर्पण के साथ करते हुए संगठन के हित में कार्य करेंगे तथा संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पवन सिंह ने अंचल यादव को नई जिम्मेदारी पर उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।



## सरगुजा फॉरेस्ट की टीम रही उपविजेता

# संभाग स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में लुचकी घाट की टीम ने मारी बाजी



विजेता टीम को कप प्रदान करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

**खास बात**

- संभाग की 16 टीमों ने लिया था भाग

नगर के स्टेडियम ग्राउंड में स्व. त्रयंबक शरण सिंह की स्मृति में आयोजित संभाग स्तरीय नॉकआउट फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन रविवार को हुआ। फाइनल मुकाबले में लुचकी घाट अंबिकापुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सरगुजा फॉरेस्ट को पेनाल्टी शूटआउट में पराजित कर खिताब अपने नाम किया। वहीं सरगुजा फॉरेस्ट की टीम उपविजेता रही।

प्रतियोगिता 6 दिसंबर से प्रारंभ हुई थी, जिसमें संभाग की 16 टीमों ने भाग लिया। पूरे आयोजन के दौरान खेल भावना, अनुशासन और रोमांचक का अद्भुत संगम देखने को मिला। फाइनल मैच सरगुजा फॉरेस्ट और लुचकी घाट अंबिकापुर के बीच खेला गया, जिसमें दोनों टीमों ने निर्धारित समय तक बराबरी का संघर्ष किया। इसके बाद हुए पेनाल्टी शूटआउट में लुचकी घाट अंबिकापुर ने जीत दर्ज कर प्रतियोगिता अपने नाम की। प्रतियोगिता में मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार उजीत मरकाम को दिया गया, जबकि फाइनल के मैन ऑफ द मैच साइमन एक्का बने। बेहतरीन प्रदर्शन के लिए गोलकीपर सचिन को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। विजेता एवं उपविजेता टीमों को नगद राशि सहित शील्ड देकर सम्मानित किया गया। समापन समारोह के दौरान प्रतापपुर क्षेत्र के पूर्व फुटबॉल खिलाड़ियों मोहन पांडे, दीनानाथ गुप्ता, डीआर तिग्गा, संतोष सिंह, रहीम खान, नंदलाल तिवारी, भोले देवांगन, परमेश्वर यादव, हरिलाल पैकरा, जान मुहम्मद, शंभूनाथ गुप्ता, हयात खान, अनिल जायसवाल, अरविंद कश्यप, मनोज जायसवाल, शत्रुघ्न ठाकुर सहित अन्य खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश तायल, नगर पंचायत अध्यक्ष मानती योगेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष अजीत शरण सिंह, अक्षय तिवारी, दीनानाथ गुप्ता, मोहन पांडे, लक्ष्मी गुप्ता,अवधेश पांडे, आरपी सिंह, राजेश कश्यप, सीबू सिंह, श्याम लाल यादव, जितेन्द्र जायसवाल, रोहित यादव, पिंटू यादव, मुकेश यादव, राज सिंह, जगत केंवट, दिनेश यादव, निकेश यादव, मो. खलील, अक्षय गुप्ता, नवीन नाविक, नीलम श्रीवास्तव, अभय यादव, संजय यादव, संजू पांडेय, धीरज कश्यप, देवप्रसाद आयम, आशु गुप्ता सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### महिला फुटबॉल का आगाज

प्रतापपुर के मिनी स्टेडियम में पहली बार महिला खिलाड़ियों ने फुटबॉल मैच खेलकर इतिहास रचा। फाइनल से पूर्व शंकरगढ़ और बलसेढ़ी की महिला टीमों के बीच सद्भावना मैच खेला गया, जिसमें शंकरगढ़ की टीम विजयी रही। इस ऐतिहासिक मैच को लेकर दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला और सभी महिला खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

## एसईसीएल अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता में बिश्रामपुर क्षेत्र की टीम पहुंची सेमीफाइनल में

- ऑल राउंडर खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से तीन लीग मुकाबले जीते, मेजबान टीम जोहिला क्षेत्र को भी 9 रन से हराया

**बिश्रामपुर।** जोहिला क्षेत्र में आयोजित एसईसीएल अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता में बिश्रामपुर क्षेत्र की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने तीनों लीग मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है,बिश्रामपुर टीम की इस उपलब्धि से क्षेत्र के खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल है,प्रतियोगिता के पहले लीग मैच में बिश्रामपुर क्षेत्र की टीम ने कोरबा क्षेत्र को तीन विकेट से हराया, दूसरे मुकाबले में टीम ने सीडब्ल्यूएस कोरबा को 9 विकेट से करारी शिकस्त दी,वहीं तीसरे और निर्णायक लीग मैच में बिश्रामपुर टीम ने मेजबान जोहिला क्षेत्र को 9 रनों से पराजित कर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है,तीनों लीग मैचों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में अशोक दास और अमृत लाल का नाम सुर्खियों में है,ऑल राउंडर खिलाड़ी अशोक दास ने दूसरे लीग मैच में 28 रन बनाने के साथ 3 विकेट हासिल कर मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता,वहीं तीसरे लीग मैच में अमृतलाल ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट झटके और मैन ऑफ द मैच बने। गौरतलब है कि बिश्रामपुर क्षेत्र के टीम की कप्तानी राजेंद्र प्रधान कर रहे हैं,टीम के कोच वीरेंद्र सिंह एवं टीम मैनेजर राजेश सिंह हैं,टीम में वरिष्ठ खिलाड़ियों के रूप में अवतार सिंह कुमोद सिंह, रवि कुमार,सिमोन कुजुर, अशोक दास, अमृत लाल,जितेंद्र वर्मा,अरविंद विकास, नितेश यादव,प्रकाश दीप,घनश्याम,नरेंद्र साहू,बोधन, राजेंद, ऋषभ यादव सहित अन्य खिलाड़ी शामिल हैं।बताया गया कि अब बिश्रामपुर क्षेत्र की टीम 20 दिसंबर को सेमीफाइनल मुकाबला खेलेगी,जिसे लेकर खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है।





## रामानुजगंज के कराटे खिलाड़ियों ने नेशनल चैंपियनशिप में जीते 8 पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

वाराणसी के सन वैली पब्लिक स्कूल में 6–7 दिसंबर को आयोजित तृतीय यूएसकेयेआई कप ऑल इंडिया नेशनल कराटे चैंपियनशिप में रामानुजगंज के चार कराटे खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 स्वर्ण, 1 रजत और 3 कांस्य सहित कुल 8 पदक जीतकर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया। प्रशिक्षक शिहान तरुण शर्मा के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने काता एवं कुमिते स्पर्धाओं में सफलता हासिल की।

महिमा सिंह सिदार (9 वर्ष) और जानवी सागर (11 वर्ष) ने दो-दो स्वर्ण पदक जीते। आशीष कुमार खुटय ने एक रजत व एक कांस्य, जबकि ओजल सागर ने दो कांस्य पदक प्राप्त किए। 12 राज्यों के 500 से अधिक खिलाड़ियों की मौजूदगी वाली इस प्रतियोगिता में यह उपलब्धि गौरवपूर्ण रही। सभी खिलाड़ी रामानुजगंज थाना परिसर के हैं। शहर वापसी पर रामानुजगंज थाना परिसर में एसडीओपी बाजीलाल सिंह सहित पुलिस अधिकारियों व नागरिकों ने खिलाड़ियों का भव्य स्वागत एवं सम्मान कर खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

### गृह संपर्क अभियान के तहत स्वयंसेवक संघ भेंट कर रहे भारत माता का चित्र एवं साहित्य पत्रिकाएं

**ओड़गी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में गृह संपर्क अभियान चला रहा है। इसी अंतर्गत विकास खंड ओड़गी में संघ के स्वयंसेवकों द्वारा घर-घर जाकर लोगों से संपर्क स्थापित किया जा रहा है। अभियान के दौरान स्वयंसेवक प्रत्येक परिवार से मिलकर भारत माता का चित्र, संघ का साहित्य, पत्रिकाएँ एवं सूचना पत्र भेंट कर रहे हैं, साथ ही समाज को संगठित करने वाली महत्वपूर्ण बातों पर संवाद भी कर रहे हैं। इनमें राष्ट्रप्रेम, सामाजिक समरसता,एकता, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी, तथा कुटुंब प्रबोधन जैसे विषय प्रमुख रूप से शामिल हैं। इस बीच मीडिया से बात कर अभिषेक सिंह ने बताया कि शताब्दी वर्ष में गृह संपर्क अभियान का मुख्य उद्देश्य संघ की विचारधारा एवं राष्ट्र हित के भाव को घर-घर तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि समाज की एकता और जागरूकता ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। अभियान में धर्मराज सिंह, हर्षित गुर्जर, सुजान गुर्जर एवं अन्य स्वयं सेवक सक्रिय है।





## कोल परिवहन बंद, वाहन मालिकों के समक्ष बनी आर्थिक संकट की स्थिति

- सूरजपुर ट्रक मालिक संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कोल परिवहन पुनः शुरू कराने की मांग

**बिश्रामपुर।** भटगांव से करंजी रेलवे कोल साइडिंग तक ट्रक-ट्रालों के माध्यम से होने वाला कोयला परिवहन पिछले 1 दिसंबर से बंद होने के कारण सैकड़ों वाहन संचालकों और उनसे जुड़े चालक-क्लीनरों के समक्ष गंभीर आर्थिक संकट की स्थिति बन गई है,कोल परिवहन ठप्प होने से प्रभावित ट्रक-ट्राला संचालकों ने बुधवार को सूरजपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर करंजी साइडिंग को शीघ्र चालू कराने की मांग की है,ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों द्वारा कोयला परिवहन को रोक दिए जाने से 50 से अधिक स्थानीय ट्रक-ट्राला सड़क पर खड़े हो गए हैं,इससे इन वाहनों में कार्यरत 300 से अधिक चालक,क्लीनर एवं साइडिंग से जुड़े कर्मचारी पिछले पखवाड़े भर से बेरोजगारी और आर्थिक नुकसान झेलने विवश हैं,वाहन संचालकों का कहना है कि कोयला परिवहन व गाड़ियों से जुड़े कार्यों से ही उनके परिवारों की आजीविका का मुख्य साधन है,साइडिंग में कोयला परिवहन के दौरान सड़क पर धूल उड़ने की समस्या बताकर अघोषित रूप से परिवहन बंद करा दिया गया है,समस्या के समाधान के लिए संबंधित पक्षों से कई बार बातचीत का प्रयास किया गया,लेकिन कोई रास्ता नहीं निकल पाया है,संचालकों ने बताया कि परिवहन बंद रहने से वे वाहनों की भारी लोन फाइनेंस की किश्तें,रोड टैक्स और अन्य देनदारियां चुकाने में असमर्थ होते जा रहे हैं,ट्रक-ट्राला संचालकों ने प्रशासन से करंजी साइडिंग को अविलंब शुरू कराकर राज्य शासन,रेलवे तथा स्थानीय लोगों को हो रहे नुकसान से बचाव कराने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में ट्रक मालिक संघ सूरजपुर अध्यक्ष विकास सिंह,संजय चौधरी,समीर सिंह,सुरेश मंडल,योगेन्द्र दुबे,संतोष पाठक,राजू सिंह,सरफराज, नागेंद्र यादव,विक्रांत सिंह,राकेश कुमार,चेतराम शत्रुघ्न विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में ट्रक ट्राला मालिक उपस्थित थे।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटना में गंभीर तीन लोगों की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



वाहन की टक्कर, बाइक पेड़ से टकराने व पुलिया से ट्रैक्टर गिरने की अलग-अलग घटनाओं में गंभीर हुए तीन लोगों की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम सहनपुर निवासी लिनुस एक्का आ. पिचा एक्का (47 वर्ष) 10 दिसंबर को पत्नी मानमति के साथ ग्राम पुटापानी निवासी सास की तबीयत खराब होने पर देखने गए थे। शाम को दंपती बाइक से वापस घर लौट रहे थे और जैसे ही डडगांव कोसा फार्म के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार फरार हो गया। दुर्घटना में पति-पत्नी घायल हो गए। घायल दंपति को लुण्ड्रा अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने पति की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन ने लिनुस एक्का को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इसी प्रकार दूसरी घटना में दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम नवापारा निवासी सानिया आ. राम बहादुर (18 वर्ष) सोमवार को गांव के ही मंगेतर अर्जुन सिंह के साथ बाइक से शहर में मीना बाजार घूमने आए थे। शाम को दोनो बाइक से वापस घर लौटने लगे और जैसे ही ग्राम खर्रा नदी के समीप पहुंचे तभी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गए। दुर्घटना में युवक और युवती गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवती को मृत घोषित कर दिया वहीं युवक का उपचार अस्पताल में चल रहा है। वहीं एक अन्य घटना में दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम नवाबांध निवासी प्रेम कुमार राजवाड़े आ. अमर राजवाड़े (16 वर्ष) दोपहर ट्रैक्टर लेकर आ रहा था और जैसे ही नावाबांध पुलिया के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर वाहन सहित पुलिया के नीचे गिर गया जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन युवक को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया।

### शिक्षक संघ की बैठक में दो ब्लॉक अध्यक्षों का चुनाव

**अम्बिकापुर।** शिक्षक संघ के जिला कार्यकारिणी की बैठक लुण्ड्रा में रविवार को हुई जिसमें संगठन की गतिविधियों की समीक्षा की गई और साथ ही लुण्ड्रा और सीतापुर ब्लॉक के रिक्त अध्यक्ष पद पर क्रमशः सत्य प्रकाश सिन्हा और राजेश गुप्ता को अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। बैठक में संगठन मंत्री बाल गोविंद गुप्ता, अध्यक्ष सीपी सोनी, सचिव दउवा दास कोषाध्याय विश्वास तिवारी, कार्यकारिणी अध्यक्ष राकेश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे। बैठक में 11 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रस्तावित आंदोलन की तैयारियों की भी समीक्षा की गई।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## जनमन योजना के तहत कराए जा रहे भवन निर्माण में लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

- ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं, 50 लाख रुपए से कराया जा रहा है कार्य



जनमन योजना के तहत पहाड़ी कोरवा बस्ती में बनाया जा रहा बहु उद्देशीय भवन अधिकारियों व ठेकेदार की लापरवाही से अनियमितता की भेंट चढ़ गया है। भवन निर्माण के दौरान गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा जा रहा है जिससे लोगों में खासा रोष है। निर्माण कार्य में हो रही लापरवाही को लेकर ग्रामीणों ने जांच व कार्रवाई की मांग की है। इधर अधिकारी भी निर्माण में मानकों का ख्याल नहीं रखने की बात स्वीकार कर रहे है लेकिन दोषियों पर क्या कार्रवाई होगी यह स्पष्ट नहीं है।

विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समाज पहाड़ी कोरवा को मुख्यधारा से जोड़ने केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री जनमन योजना संचालित किया जा रहा है। पहुंचविहीन क्षेत्रों में रहने वाले पहाड़ी कोरवा परिवार तक आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने सरकार करोडो रुपए खर्च कर बिजली, सड़क, पुल, आवास आदि का निर्माण करा रही है। इसी योजा के तहत ग्राम पंचायत बगड़ोली में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत 50 लाख की लागत से आंगनबाड़ी कम पहाड़ी कोरवा बहुद्देश्यीय भवन निर्माण की स्वीकृति दी गई थी। इस भवन निर्माण का उद्देश्य पहुंचविहीन क्षेत्रों में रहने वाले पहाड़ी कोरवा समेत अन्य समाज के लोगों विषम परिस्थितियों में यहां सुरक्षित रखा जा सके। अजाक विभाग की देखरेख में निर्माणाधीन भवन का निर्माण कार्य शुरू होते ही विवादों के घेरे में आ गया। भवन निर्माण में अधिकारियों पर लापरवाही के आरोप एवं घटिया निर्माण को शह देने के आरोप लगने लगे। इस संबंध में ग्रामीण लच्छू, बुधियार साय, कलीराम आदि का कहना है कि नींव के निर्माण कार्य से शुरू हुआ घटिया निर्माण कार्य आज भी बदस्तूर जारी है। भवन के नींव निर्माण के दौरान जमकर मनमानी की गई और विभाग द्वारा जारी दिशानिर्देशों को एक सिरे से दरकिनार कर दिया गया।

इस दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों ने निर्माण कार्य से पूरी तरह किनारा कर लिया था।वर्तमान में भी निर्माण कार्य के दौरान अधिकारी अपनी मर्जी से आते है और एक नजर फेर कर चले जाते है। ऐसे में काम की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है और ठेकेदार जमकर मनमानी कर रहे है। आलम ये है कि भवन निर्माण में जिस सामग्री का उपयोग किया जा रहा है वो बेहद घटिया और निम्न स्तर का है। भवन के फर्श को लेबल करने के लिए जिस बोल्डरों का उपयोग किया जा रहा है उसे सरकार ने सालों पूर्व प्रतिबंधित कर दिया है। इसी तरह जिस ईंट का उपयोग दीवाल खड़ा करने के लिए किया जा रहा है वो बेहद घटिया स्तर का है। इसके अलावा छड़ सीमेंट मसाला में भी विभाग द्वारा तय अनुपात का ख्याल नही रखा जा रहा है। इस संबंध में ग्रामीणों का कहना है कि इस घटिया निर्माण के बारे में शिकायत दर्ज कराने अधिकारी से कई बार मिलने की कोशिश की गई किंतु अधिकारी निर्माण कार्य के प्रति उदासीन है इसलिए वो यहां कम आते है जिसकी वजह से उनसे भेंट नहीं हो पाई।

ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारी पर घटिया निर्माण कार्य में ठेकेदार के साथ सांठगांठ का आरोप लगाते हुए उच्चाधिकारियों से जांच मांग की है ताकि जनमन योजना से बनने वाले भवन की गुणवत्ता की जांच हो सके और घटिया निर्माण कार्य पर रोक लग सके।

### जांच करके सुधार कराया जाएगा

कुछ दिनों पूर्व उन्होंने निर्माण कार्य का निरीक्षण किया था। कुछ कमियां थी उसे दूर कराने के निर्देश ठेकेदार को दिए गए थे। अगर ग्रामीणों को लगता का निर्माण कार्य मे गुणवत्ता का अभाव है तो इसकी जांच करा उसमें सुधार कराया जाएगा।

**– राजाराम पुसाम**
एसडीओ

online Booking:-www.tripuryatra.com


बिलासपुर,रायपुर,दुर्ग,गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
05 शीटें शेष
श्री कन्याकुमारी,
राशि:- स्लीपर 20,500/-, 3 एसी-32,500/-, 2 एसी 38,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411